सचिव, जल संसाधन विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.10.2026 को सम्पन्न "संकल्प डैशबोर्ड" एवं "समन्वय पोर्टल" की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

सचिव महोदय की अध्यक्षता में दिनांक–16.10.2026 को पूर्वाह्न 11:30 बजे "संकल्प पोर्टल" एवं "समन्वय पोर्टल" की समीक्षात्मक बैठक की गई। उक्त बैठक में निम्नलिखित पदाधिकारी उपस्थित रहे :–

(i) श्री कुमार देवेंद्र प्रोज्जवाल, विशेष सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना
(ii) श्री ब्रजेश मोहन, अभियंता प्रमुख, मुख्यालय, पटना
(iii) श्री निखिल कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, पटना
(iv) श्री धर्मेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग, पटना।
(v) श्री आलोक कुमार, संयुक्त सचिव अभियंत्रण, पटना
(vi) श्री कुमुद रंजन, संयुक्त सचिव (प्रबंधन), पटना
(vii) श्री अमरेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3, पटना
(viii) श्री प्रशांत कुमार, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2, पटना
(ix) श्री विवेक गौरव, अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मानिटरिंग अंचल, पटना
(x) श्री गंगेश कुमार गुंजन, अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–4, पटना
(xi) श्री संजय कुमार, उप सचिव–1 (प्रबंधन), पटना
(xii) श्री चंदन कुमार मिश्रा, उप सचिव–2 (प्रबंधन), पटना
(xiii) श्री दीपक कुमार, कार्यपालक अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग प्रमंडल–14, पटना
एवं अन्य उपस्थित पदाधिकारीगण।

समीक्षाः–

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को संकल्प डैशबोर्ड के प्रमुख मॉड्यूल्स यथा **CM Review Meeting, CM Announcement, Cabinet Decision, Bihar Gati, CMS Letters, VIP Letters** एवं अन्य मॉड्यूल्स से अवगत कराते हुए वर्तमान में उक्त मॉड्यूल्स अंतर्गत लंबित मामलों की समीक्षा की गई।

- **CM Announcement** अंतर्गत लंबित 01 अदद मामला– "मार्च 2027 के पहले तक सासाराम और औरंगाबाद शहर को सोन नदी का जल उपलब्ध कराया जाएगा" को ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया तथा कार्य की वर्तमान भौतिक प्रगति पोर्टल पर अंकित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3/4)

- **CM Review Meeting** अंतर्गत वर्तमान में लंबित कुल 34 अदद निदेश में से 22 अदद निदेश **No Progress** तथा 12 अदद निदेश **In Progress** में संकल्प डैशबोर्ड पर अंकित है। संबंधित अंचलों को उक्त लंबित मामलों का अनुपालन प्रतिवेदन डैशबोर्ड पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

समीक्षा के क्रम में पाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए निदेश संकल्प डैशबोर्ड पर एक से अधिक बार अपलोड है, जिससे लंबित मामलों की संख्या में वृद्धि हो गई है। संकल्प डैशबोर्ड के विभागीय नोडल पदाधिकारी को मुख्यमंत्री सचिवालय से **Repetitive** निदेशों को विलोपित करने हेतु अनुरोध करने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन– योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3)

- **Cabinet Decision** अंतर्गत कुल 17 अदद निर्णयों में से 01 अदद मामला **Close** कर दिया गया है एवं 15 अदद मामले **Closure** हेतु अपलोड है। लंबित 01 अदद मामला–"जमानियाँ से ककरैत गंगाजल उद्वह सिंचाई योजना के कार्यान्वयन के लिए उत्तर प्रदेश में लगभग कुल 5.86339 हेक्टेयर भूमि को कार्यपालक अभियंता, जमानियाँ पम्प नहर प्रमंडल, मोहनियाँ के माध्यम से क्रय किये जाने की स्वीकृति " की अद्यतन प्रगति पोर्टल पर अंकित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3)

- VIP Letters अंतर्गत लंबित 03 अदद पत्रों का अनुपालन/प्रगति प्रतिवेदन संकल्प डैशबोर्ड पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया कि VIP Letter से संबंधी मामले पर की गई कार्रवाई/प्रतिवेदन एक सप्ताह के अंदर अद्यतन करने का निदेश मुख्यमंत्री सचिवालय द्वारा दिया गया है।

(अनुपालन–बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/ योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–4)

- समीक्षा के क्रम में सचिव महोदय द्वारा निदेशित किया गया कि संकल्प डैशबोर्ड के विभिन्न मोड्यूल्स से संबंधित मामलों के अनुपालन प्रतिवेदन पर अनुमोदन प्राप्त करते हुए पोर्टल पर अपलोड करने की कार्रवाई की जाय।

(अनुपालन–बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/सभी संबंधित प्रशाखा)

- CMS Letters अंतर्गत वर्तमान में कुल 2787 मामले लंबित है, जिसका अनुपालन प्रतिवेदन शीघ्र योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–4 को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। अभियंता प्रमुख, मुख्यालय द्वारा निदेशित किया गया कि दिनांक–15.04.2026 के उपरांत लंबित कुल 262 मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किया जाय एवं संकल्प डैशबोर्ड के विभागीय नोडल पदाधिकारी को उक्त 262 लंबित मामलों की विवरणी संबंधित कार्यालयों को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन–बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/सभी संबंधित प्रशाखा)

- सभी संबंधित अंचलों/कार्यालयों को संकल्प डैशबोर्ड से संबंधित परिक्षेत्राधीन मामलों की सूची/विवरणी संधारित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/ योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/सभी संबंधित प्रशाखा)

- Bihar Gati एवं तारापुर प्रगति अंतर्गत अंकित योजनाओं का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति नियमित रूप से अद्यतन करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनुपालन– योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–3)

- केन्द्र सरकार से संबंधित मामलों के निराकरण हेतु प्रतिवेदन समन्वय पोर्टल पर अपलोड करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– बाढ़ नियंत्रण योजना एवं मोनिटरिंग अंचल/ योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–2/3/CADD)

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त की गयी।

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–यो०मो०–4(विविध) 7–535/2026– 800 **पटना, दिनांक–** 02.11.2026

प्रतिलिपि– सचिव, जल संसाधन विभाग के प्रधान आप्त सचिव/सभी अभियंता प्रमुख/विशेष सचिव/ मुख्य अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग/संयुक्त सचिव (प्रबंधन/अभियंत्रण)/सभी उप सचिव, जल संसाधन विभाग/अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल–1/2/3/4/बाढ़ नियंत्रण/सिंचाई/कमाण्ड क्षेत्र विकास निदेशालय, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–यो०मो०–4(विविध) 7–535 / 2026– 800 पटना, दिनांक– 02.11.2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, सूचना एवं प्रावैधिकी केन्द्र, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल करने तथा विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/11/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय

पत्रांक–यो०मो०–4(विविध) 7–535 / 2026– 800 पटना, दिनांक– 02.11.2026

प्रतिलिपि– 'संकल्प डैशबोर्ड प्रकोष्ठ' अन्तर्गत नामित सभी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

02/11/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय